राज बिसारिया को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

दूरदर्शन कल करेगा 'स्वागत-2018' में सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ दूरदर्शन ने प्रसिद्ध रंगकर्मी और भारतेंदु नाट्य अकादमी के संस्थापक राज बिसारिया को लाइफटाइम अचीवमेंट

अवार्ड से सम्मानित करने का निर्णय किया है। उन्हें यह सम्मान 24 दिसंबर को गन्ना किसान संस्थान प्रेक्षागृह में 'स्वागत 2018' समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर आठ अन्य लोगों को भी यूपी सम्मान से नवाजा जाएगा। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिशासी आत्म प्रकाश मिश्र ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए आशुतोष कुमार दुबे (लखनऊ), साहित्य में श्रीराम शंकर अवस्थी (अमेठी), ललित कला में कालीदीन विश्वकर्मा (महोबा), संगीत में कन्हैया लाल पांडेय (लखनऊ), नाटक में महेशचंद्र देवा (लखनऊ), पर्यावरण में भरत राज सिंह (लखनऊ), कृषि में राजेंद्र सिंह (बस्ती) एवं बालिका शिक्षा में दीप्ति शुक्ल (इलाहाबाद) को यूपी सम्मान दिया जाएगा। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित होंगे। समारोह में तृप्ति शाक्या (मुंबई), रजनीश त्रिवेदी (मुंबई), पुनीत मित्तल (मुंबई) एवं देवेश चतुर्वेदी (लखनऊ) संगीत की प्रस्तुति देंगे।